पत्र सूचना मंत्रालय

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों की समिति की नई दिल्ली में बैठक, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा ने बैठक की अध्यक्षता की

"स्वतंत्रता के 75 वें साल में देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है स्वतंत्रता सेनानियों ने पूरे समर्पण से आज़ादी की लड़ाई में भाग लिया और राष्ट्र उनके अमूल्य योगदान को कभी नहीं भुला सकता"

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के निर्देशानुसार, सरकार स्वतंत्रता सेनानियों के कल्याण के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है

दिनांक- 27 अगस्त, 2021

प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों की समिति की आज नई दिल्ली में बैठक हुई। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में देश के वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी शामिल हुए। श्री अजय कुमार मिश्रा ने बैठक में शामिल हुए सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया।

अपने शुरूआती संबोधन में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वें साल में देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने पूरे समर्पण से आज़ादी की लड़ाई में भाग लिया और राष्ट्र उनके अमूल्य योगदान को कभी नहीं भुला सकता। श्री मिश्रा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के निर्देशानुसार, सरकार स्वतंत्रता सेनानियों के कल्याण के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है और उनकी सुविधा के लिए हर संभव क़दम उठा रही है।

बैठक में स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने कई सुझाव दिए। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और उन पर विचार कर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

******

एनडब्ल्यू / आरके / एवाई / आरआर